हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 25 जनवरी 2024

नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा

04 जिला मुख्यालय देवास में गणतंत्र दिवस पर जल...



07 दिखा दीपावली सा नजारा, देर रात तक होती रही ...



### कलेक्टर ने समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

# विधि महाविद्यालय के लिए भूमि आवंटन की कार्यवाही शीघ्र की जाए : राघवेंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

जिले में विधि महाविद्यालय के भवन निर्माण के लिए भूमि आवंटन की कार्यवाही शीघ्र की जाए। यह निर्देश कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारी को दिए। कलेक्टर ने कहा कि आरसीएमएस पोर्टल के माध्यम से भूमि आवंटन के लिए आवेदन की प्रक्रिया की जाए ताकि शीघ्र विधि कॉलेज के लिए भूमि के आवंटन की प्रक्रिया पूर्ण कर आवंटन किया जा सके।





कलेक्टर ने गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि सौंपे गए दायित्व को शीघ्र पूर्ण करें, गणतंत्र दिवस पर्व की गरिमा को दृष्टिगत रखते हुए सभी तैयारियां चॉक-चौबंद की जाए। मुख्य समारोह में सभी विभाग अपने विभागों से संबंधित शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित आकर्षक और सुसज्जित झांकियां प्रदर्शित करें। सभी जगह ध्वजारोहण कार्यक्रमों में ध्वज संहिता का पालन सुनिश्चित किया जाए।

कलेक्टर ने समय-सीमा के लंबित पत्रों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को पत्रों का शीघ्र जवाब पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश दिए, उन्होंने कहा कि जिन विभागों की सीएम हेल्पलाइन लंबित है वह संबंधित शिकायतकर्ता से बात करते हुए उनका निराकरण करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने जिले में प्रचलित अधोसंरचनात्मक निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए की सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण समय-सीमा में पूरे किये जाए, स्वास्थ्य विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग के भवन एवं सीएम राइज स्कूलों के निर्माण कार्यों के समीक्षा कर समयावधि में काम पूरा करवाने के निर्देश संबंधित निर्माण एजेंसी को दिए।

कलेक्टर ने मिशन इंद्रधनुष, पीएम सम्मान निधि योजना, पीएम मातृत्व वंदना योजना सहित अन्य विभागों की योजनाओं की समीक्षा कर अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं से संबंधित सभी पोर्टल अपडेट रखें, योजनाओं में प्रतिदिन होने वाली गतिविधियों की जानकारी पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज की जाए। उन्होंने खाद्यान्न वितरण की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए की मध्यान्ह भोजन एवं छात्रावासों के लिए समय पर उचित मूल्य दुकानों से खाद्यान्न का उठाव किया जाए, जिला आपूर्ति अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी पात्र हितग्राहियों को समय पर खाद्यान्न का वितरण सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने गौ-शाला संचालन की समीक्षा करते हुए जिले में नवनिर्मित गौशालाओं में विद्युत एवं पानी की व्यवस्था करवाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत हर सिमरनप्रीत कौर, अपर कलेक्टर आरपी वर्मा, एसडीएम सत्येंद्र बैरवा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती मनीषा कौल, डिप्टी कलेक्टर किरण बरवड़े सहित जिलाधिकारी उपस्थित रहे।



## सुरक्षा सैनिक और सुरक्षा सुपरवाइजर भर्ती कैंप आयोजित

**नलखेड़ा।** भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली व भारत सरकार पसारा एक्ट 2005 के तहत एवं मप्र डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से जनपद पंचायत नलखेड़ा में सुरक्षा सैनिक एवं सुरक्षा सुपरवाइजर भर्ती कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें गांवों से 42 शिक्षित बेरोजगार अभ्याथिर्यों ने पंजीयन कराया। एसआईएस इंडिया लिमिटेड नीमच के वरिष्ठ भर्ती अधिकारी सुरेन्द्र कुमार के अनुसार पंजीकृत शिक्षित बेरोजगारों में से 11 युवाओं का चयन किया। इन चयनित युवाओं को नीमच में 1 माह के प्रशिक्षण उपरांत 65 वर्ष तक की स्थाई नौकरी दी जाएगी। औद्योगिक क्षेत्रों में चित्तौड़ का किला, दिल्ली का लाल किला, ग्वालियर का किला, झांसी का किला, खजुराहो मंदिर, आगरा का ताजमहल, सांची का स्तूप, एसबीआई बैंक, आईडीबीआई बैंक 13000 से 15000 तक की सुविधाएं पीएफ, पेंशन, ग्रेच्युटी, इंश्योरेंस मेडिकल, बीमा, प्रमोशन, सालाना वेतन वृद्धि, दो बच्चों की पढ़ाई अंतरराष्ट्रीय स्तर के आईपीएस स्कूल देहरादून में करवा सकते हैं। शिविर के आयोजन में जपं सीईओ जितेन्द्र सैंगर, राधा कृष्ण बकतरिया, आजीविका मिशन के विकासखंड प्रबंधक संजय सोनी, शिवपाल खटीक एवं टीम का सहयोग रहा। इसी तरह भर्ती शिविर 25 को जपं सुसनेर, 29 को जपं आगर मालवा एवं 30 जनवरी को नगर परिषद सोयत कला में आयोजित होगा।

### राजस्व महाअभियान अंतर्गत खसरा बी-1 प्रदान किया

**नलखेड़ा।** मध्य प्रदेश शासन द्वारा पूरे प्रदेश में चलाए जा रहे राजस्व महा अभियान के अंतर्गत बुधवार को नलखेड़ा तहसील के ग्राम रोजड़ी के निवासी सोनू पिता झीतु जाति गुर्जर, नारायणसिंह पिता चंदरसिंह जाति गुर्जर व ग्राम बेरछाखेड़ी के निवासी राकेश पिता गिरधारीलाल जाति चमार के माता/पिता की मृत्यु हो जाने से उनके कृषि भूमि खातों पर सभी वैद्य वारिसों का नामांतरण कर तहसीलदार श्रीमति प्रीति भिसे एवं हल्का पटवारी चिराग शर्मा द्वारा उनकी भू अधिकार पुस्तिका व खसरा बी 1 की नकल तहसील कार्यालय में प्रदान की गई।

## नेताजी सुभाषचंद बोस की जयंती मनाई



**कानड़।** नगर के नेताजी सुभाष पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल कानड़ द्वारा नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती के उपलक्ष्य में झांकी नगर के प्रमुख मार्गो से निकाली गई। झांकी में घोड़े पर सवार नेताजी सुभाष के वेश में छात्र नंदकिशोर मेघवाल आकर्षण का केन्द्र रहे। झांकी में सैनिक की वेशभूषा में छात्र-छात्राएं मार्च पास्ट करते हुए चल रहे थे। रैली के दौरान पुलिस प्रशासन का भी सराहनीय सहयोग रहा। रैली के पूर्व विद्यालय में नेताजी सुभाष जयंती का कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य कृष्णचंद्र शर्मा ने की। मुख्य वक्ता आनंदीलाल पंवार ने नेताजी सुभाष के जीवन के रोचक प्रसंगों से छात्रों को अवगत कराते हुए उन्हें अपने जीवन में अनुशासित रहने की सीख दी। कार्यक्रम में कमलसिंह कुंभकार, प्रगणेश दुबे, रानू फुलेरिया, रिया करोड़ीवाल ने अपने विचार व्यक्त किए। ज्ञात रहे कि विद्यालय की स्थापना नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जन्मशताब्दी वर्ष 1997 में उनके नाम पर की गई थी।

**नेताजी का स्वरूप धारण कर नगर में निकाली रैली**

### भाजपा नेता व सामाजिक कार्यकर्ता संगवालिया को मातृ शोक



**कानड़।** भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य जवान सिंह संगवालिया व सामाजिक कार्यकर्त्ता भरत संगवालिया की माताजी राजू बाई का निधन बुधवार सुबह हो गया, जिनका अंतिम संस्कार सारंगपुर रोड स्थित मुक्तिधाम पर वैदिक पद्धति से हुआ। बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे, जिन्होंने श्रद्धांजलि अर्पित की।



## मां बगलामुखी मंदिर पर 1008 मुखों से सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ

### भंडारे में हजारों भक्तों ने किया प्रसाद ग्रहण

**नलखेड़ा।** सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा 1008 मुखों से सुंदरकांड पाठ का ऐतिहासिक आयोजन किया गया। इसके साथ ही भंडारे का आयोजन भी हुआ, जिसका हजारों भक्तों ने लाभ लिया। मंगलवार को मंदिर परिसर में शासकीय मां बगलामुखी मंदिर समिति के द्वारा 1008 मुखों से सुंदरकांड एवं भंडारे का आयोजन किया किया गया, जिसमें 1008 भक्तों द्वारा एक साथ सुंदरकांड का पाठ किया गया।

मां बगलामुखी मंदिर के बाहर लगे डोम में मंगलवार सायं पूजा अर्चना के बाद कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। जिसमें सुंदरकांड मंडली सहित उपस्थित भक्तों द्वारा एक साथ सुंदरकांड का पाठ किया। सुंदरकांड का पाठ करने वालो में पुरुषों के साथ महिलाएं भी बड़ी संख्या में उपस्थित थीं। प्रबंध समिति द्वारा इस अवसर पर पीताम्बरा सेवा समिति के भंडारा परिसर में भंडारे का भी आयोजन किया। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों द्वारा भोजन प्रसादी ग्रहण की गई। इस अवसर पर मां बगलामुखी मंदिर प्रबंध समिति अध्यक्ष एसडीएम मिलिंद ढोके, सचिव तहसीलदार प्रीति भिंसे, थाना प्रभारी शशि उपाध्याय सहित कई अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित थे।




## सीएम राइज स्कूल में बालिकाओं ने दीं मनमोहक प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा




सीएम राइज शासकीय कन्या उमा विद्यालय में वार्षिकोत्सव अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं द्वारा मनमोहक एवं आकर्षक प्रस्तुति दी गईं। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन अर्चन के साथ हुई। कार्यक्रम में राजस्थानी घूमर, देशभक्ति पैरोडी, राधा रानी लागे, अवध में राम आये हैं, भारत है पहचान, मेरे भारत की बेटी, फिर भी दिल है हिंदुस्तानी, महाकाल पैरोडी, जमना के तट पर,ओ देश मेरे तेरी शान पे सदके, तेरी मिट्टी में मिल जावां, ऐसा देश है मेरा, ए वतन ए वतन आदि गानों पर 45 प्रस्तुति दी गईं। यह 10वां वर्ष है जब विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्य मनोज चतुर्वेदी सहित शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्राएं उपस्थित थे।

## नागेश्वर पार्श्वनाथ तारक तीर्थ धाम पर वार्षिक ध्वजारोहण कार्यक्रम आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा





नगर के समीपस्थ स्थित श्रीनागेश्वर पार्श्वनाथ तारक तीर्थ धाम लालूखेड़ी पर मंदिर की वार्षिक ध्वजारोहण का धार्मिक कार्यक्रम आज हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। श्री नागेश्वर पार्श्वनाथ तारक तीर्थ धाम ट्रस्ट मंडल,लालूखेड़ी द्वारा परम पूज्य मालव भूषण आचार्यश्री वीररत्नसूरीश्वर महाराज साहब के दिव्य आशीष तथा आचार्यश्री पद्मभूषण सूरीश्वर महाराज, आचार्य निपूणरत्नसूरीश्वर महाराज साहब की सद् प्रेरणा से 25 जनवरी को वार्षिक ध्वजारोहण का कार्यक्रम मनाया जाएगा। प्रातः 9.30 बजे तारक तीर्थ धाम पर सत्तरभेदी पूजन के बाद दोपहर 12:39 बजे विजय मुहूर्त में मंदिर शिखर पर वार्षिक ध्वजारोहण तथा स्वामीवात्सल्य का कार्यक्रम लाभार्थी श्री इंद्रमल चौथमल फाफरिया परिवार की ओर से आयोजित किया गया है। पूजन हेमप्रभा महिला मंडल द्वारा पढ़ाई जाएगी।

### नगर पालिका अधिकारी ने स्कूलों को जारी किए सूचना पत्र

# बड़ागांव में राष्ट्रीय पर्व पर नप विद्यार्थियों को नहीं करेगी मिठाई वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

तहसील के नगरीय क्षेत्र बड़ागांव में इस बार राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस पर नगर परिषद स्कूली छात्रों को मिठाई का वितरण नहीं करेगी, जिसके चलते बच्चे मिठाई से वंचित रह सकते हैं। नगर परिषद बड़ागांव में पार्षदों की आपसी खींचतान का खामियाजा इस बार स्कूली बच्चों को उठाना पड़ सकता है। निकाय द्वारा परंपरा अनुसार राष्ट्रीय पर्व पर स्कूली बच्चों को मिठाई का वितरण किया जाता है। लेकिन इस बार परिषद द्वारा 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ स्कूली बच्चों को मिठाई का वितरण नहीं किया जाएगा। इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा सभी स्कूल प्रबंधकों तथा प्राचार्य को सूचना पत्र जारी किया गया है।



कार्यालय नगर परिषद बड़ागॉव जिला आगर मालवा (म.प्र.)
दूरभाष नं.(07361)236434 ई-मेल cmobadagaonshajapur@mpurban.gov.in
क्रमांक / 2024 / 61 बड़ागॉव, दिनांक 18 / 01 / 2024
प्रति,
समस्त प्राचार्य / प्रधानाध्यापक
शासकीय / अशासकीय विद्यालय
बड़ागॉव, जिला आगर-मालवा।
विषय:- राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस मनाए जाने के संबंध में।
उपरोक्त विषय अंतर्गत लेख है कि नगर परिषद बड़ागॉव के द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2024 को शासन आदेशानुसार मनाया जाना है। राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस पर निम्न गतिविधियां आयोजित की जाएगी:-
1. प्रभात फेरी।
2. झंडा वंदन।
3. राष्ट्रीय गान।
4. मुख्यमंत्री महोदय का संदेश वाचन।
उपरोक्त गतिविधियां राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस पर आयोजित की जाएगी। परिषद की बैठक में राष्ट्रीय पर्व के प्रस्ताव पर असहमति व्यक्त की जाने के कारण इस बार राष्ट्रीय पर्व पर सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं बूंदी लड्डू वितरण का कार्यक्रम नही किया जावेगा।
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद बड़ागॉव



प्रदेश में कई स्थानों पर स्थानीय निकाय द्वारा राष्ट्रीय पर्वों स्वतंत्रता दिवस एवं गणतंत्र दिवस पर स्कूली बच्चों को मिठाई का वितरण निकाय निधि से किया जाता है। इसी के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी इस पर्व पर होता है। नलखेड़ा तहसील के अंतर्गत आने वाली नगर परिषद बड़ागांव में भी यह परंपरा कई वर्षों से चली आ रही है। लेकिन नगर परिषद के निर्वाचन के बाद से ही पार्षदों की आपसी खींचतान जग जाहिर है। इसका खामियाजा इस बार गणतंत्र दिवस पर्व पर निकाय अंतर्गत आने वाले सभी स्कूली बच्चों को उठाना पड़ सकता है। पर्व को लेकर नगर परिषद द्वारा बुलाई गई बैठक में राष्ट्रीय पर्व के प्रस्ताव पर पार्षदों द्वारा असहमति व्यक्त की जाने के कारण इस बार राष्ट्रीय पर्व पर सांस्कृतिक कार्यक्रम व बूंदी लड्डू का वितरण कार्यक्रम नहीं किया जाएगा।



मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा सभी शासकीय व अशासकीय शिक्षण संस्थानों के प्रधानाध्यापक व प्राचार्य तथा प्रबंधकों को 18 जनवरी को लिखे गए पत्र क्रमांक 2024/61 में इस बाबत जानकारी देते हुए कहा कि राष्ट्रीय पर्व पर इस बार प्रभात फेरी, झंडा वंदन, राष्ट्रीय गान के साथ मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन जैसी गतिविधियां ही आयोजित की जाएं। सूचना पत्र में बताया गया कि परिषद की बैठक में राष्ट्रीय पर्व के प्रस्ताव पर असहमति व्यक्त की जाने के कारण इस बार राष्ट्रीय पर्व पर सांस्कृतिक कार्यक्रम व बूंदी लड्डू वितरण का कार्यक्रम नहीं किया जाएगा।

### इनका कहना है

राष्ट्रीय पर्व 26 जनवरी को मनाने को लेकर परिषद बैठक में पार्षदों द्वारा विरोध किए जाने से निकाय द्वारा इस बार सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मिठाई का वितरण नहीं किया जाएगा। राष्ट्रीय पर्व पर झंडावंदन कार्यक्रम प्रभात फेरी, राष्ट्रीय गान, मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन कार्यक्रम होंगे। वैसे भी शासन का ऐसा कोई नियम भी नहीं है कि निकाय द्वारा बच्चों को मिठाई का वितरण किया जाए। फिर भी परंपरा का निर्वहन करने के लिए निकायकर्मी द्वारा जन सहयोग से राशि एकत्रित कर बच्चों को मिठाई वितरण करने का विचार किया जा रहा है।

**शिवसिंह चौहान,** मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर परिषद बड़ागांव

**खबर संक्षेप**

### आबकारी विभाग ने 6 प्रकरण किए दर्ज

**देवास।** आबकारी विभाग द्वारा बागली वृत के ग्राम बजरंगगढ़ एवं बरजाई में कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान चलित भट्टियां पाई गई, जिनकों नष्ट किया तथा कार्रवाई में 80 लीटर हाथ भट्टी मदिरा तथा 1500 किलो ग्राम महुआ लाहन बरामद हुआ, महुआ लाहन को मौके पर सैंपल लेकर विधिवत नष्ट किया गया। कार्यवाही में कुल 06 प्रकरण मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिए गए। जप्त सामग्री का बाजार मूल्य लगभग 01 लाख 66 रुपए है। कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक प्रेम यादव, डी.पी. सिंह, उमेश स्वर्णकार, विजय कुचेरिया, कैलाश जामोद, निधि शर्मा, दिनेश भार्गव, मुख्य आरक्षक राजाराम रैकवार, दीपक धुरिया, आरक्षक नितिन सोनी, दीपक, अरविंद, निकिता एवं नगर सैनिक अनिल, किशोर, केदार चौधरी, संजय शर्मा शामिल थे। जिले में आबकारी विभाग द्वारा इस प्रकार की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

### मंदिर का प्राण-प्रतिष्ठा समारोह हुआ संपन्न

**देवास।** उज्जैन रोड स्थित राठौर समाज धर्मशाला में रामेश्वर महादेव मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह सम्पन्न हुआ। समाज अध्यक्ष अनिल राठौर के नेतृत्व में मात्र 45 दिनों में मंदिर बनकर तैयार हो गया। अयोध्या में प्रभु श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर देवास में राठौर समाज धर्मशाला में दो दिवसीय आयोजन रामेश्वर महादेव मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा की गई। इसके अंतर्गत दो दिनों तक हवन व यज्ञ हुआ। इसी के साथ ही दो दिनों तक पूर्ण रूप से भंडारा भी चलता रहा।

### मुख्य अतिथि के आगमन से लेकर ध्वजारोहण, परेड, सलामी की हुई रिहर्सल

# जिला मुख्यालय देवास में गणतंत्र दिवस पर जल संसाधन मंत्री करेंगे ध्वजारोहण

गणतंत्र दिवस दिवस पर देवास में जिला मुख्यालय पर होने वाले मुख्य समारोह की हुई फाईनल रिहर्सल। स्कूल के छात्र-छात्राओं ने शांदार सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी प्रस्तुति।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




26 जनवरी 2024 गणतंत्र दिवस को पुलिस परेड ग्राउण्ड पर होने वाले मुख्य समारोह की फायनल रिहर्सल की गई। रिहर्सल के अन्तर्गत मुख्य अतिथि के आगमन से लेकर ध्वजारोहण, परेड की सलामी आदि की रिहर्सल की गई। इस दौरान मुख्य समारोह की तैयारियों तथा विभिन्न प्रकार की व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। गणतंत्र दिवस को जिला मुख्यालय स्थित पुलिस परेड ग्राउण्ड पर मुख्य समारोह मुख्य समारोह में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। मुख्य समारोह प्रातः 9.00 बजे से आयोजित होगा। रिहर्सल के दौरान कलेक्टर ऋषव गुप्ता, पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय, अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे, एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया, एसडीएम बिहारी सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।



#### मंत्री सिलावट करेंगे ध्वजारोहण

जिले में 26 जनवरी 2024 गणतंत्र दिवस को जिला मुख्यालय स्थित पुलिस परेड ग्राउण्ड पर मुख्य समारोह मुख्य समारोह में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। मुख्य समारोह प्रातः 9.00 बजे से आयोजित होगा।

#### कार्यक्रम की रूपरेखा

जिला मुख्यालय पर पुलिस परेड ग्राउण्ड में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में प्रातः 08.58 बजे मुख्य अतिथि का आगमन, प्रातः 09.00 बजे मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण, सलामी, राष्ट्रगान एवं मध्यप्रदेश गान, 09.08 बजे मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण, 9.15 बजे मुख्यमंत्री जी के संदेश वाचन, 9.35 बजे परेड (मार्च पास्ट), 09.50 सांस्कृतिक कार्यक्रम, 10.15 बजे झांकियों का प्रदर्शन, 10.40 बजे पुरस्कार वितरण तथा इसके बाद कार्यक्रम का समापन होगा।

# देवास थाने का देश के 10 सर्वश्रेष्ठ थानों में हुआ चयन

### मुख्यमंत्री मोहन यादव ने दी बधाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

राष्ट्रीय स्तर भारत सरकार के गृह मंत्रालय के तत्वाधान में सर्वे टीम द्वारा संपूर्ण भारतवर्ष में थाना स्तर पर घटित होने वाले अपराधों एवं की गई प्रतिबंधात्मक कार्रवाइयों तथा थाने के रखरखाव आदि के संबंध में कुछ उत्कृष्ट थानों का चयन किया गया था, जिनमें मध्य प्रदेश से चयनित किए गए थानों में थाना सिविल लाइंस जिला देवास था। केन्द्रीय गृह मंत्रालय द्वारा भेजी गई सर्वे टीम के द्वारा किए गए सर्वे के आधार पर सभी मानकों पर खरा उतरते हुए जिला देवास के थाना सिविल लाइंस के द्वारा भारतवर्ष के उत्कृष्ट 10 थानों में स्थान ग्रहण किया था।

मंगलवार को प्रदेश पुलिस के मुखिया सुधीर सक्सेना पुलिस महानिदेशक पुलिस मुख्यालय भोपाल म.प्र.के द्वारा अपने कार्यालय में पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय जिला देवास व निरीक्षक अजय चानना थाना प्रभारी थाना सिविल लाईन जिला देवास को केन्द्रीय गृह मंत्री तथा केन्द्रीय गृह सचिव अजय भल्ला द्वारा दिए गए सर्टिफिकेट व ट्राफी दिया जाकर सम्मानित किया गया।

#### सीएम ने दी बधाई

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा देशभर के 10 सर्वश्रेष्ठ थानों में देवास के सिविल लाइन थाने का चयन होने पर शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया पर जारी संदेश में कहा कि यह उपलब्धि देवास सहित हम सभी मध्यप्रदेश वासियों के लिए गर्व का विषय है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पूरे देश में मध्यप्रदेश के थाने का चयन होना सुशासन एवं बेहतर कानून व्यवस्था का उत्तम उदाहरण है। जन-सेवा एवं अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पित थाने के समस्त पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों का अभिनंदन है। पुलिस महानिदेशक श्री सुधीर सक्सेना ने पुलिस मुख्यालय में देवास के पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय और थाना प्रभारी अजय चानना को केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा प्रदत्त सम्मान-पत्र और स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया।

# सीएम राइज विद्यालय सन्नोड में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों का विदाई समारोह हुआ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

24 जनवरी को सीएम राइज विद्यालय सन्नोड़ में 12 वी कक्षा के विद्यार्थियों का विदाई समारोह समन्न हुआ। जिसमे 11 वी कक्षा के विद्यार्थियों समीक्षा , अतुल, नितुल, ऋषिका, प्रियांशी, निशा सिमरन प्रीति, राज,अनमोल आदि के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इसमें 12वी कक्षा के विद्यार्थियों के लिए गेम्स और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन अतुल नितुल व ऋषिका के द्वारा किया गया ।

आयोजित हुए विदाई समारोह कार्यक्रम में मिस्टर फेयरवेल अभिषेक रावत और मिस फेयरवेल ज्योति पटेल रहे। 11वी कक्षा के विद्यार्थियो द्वारा प्रत्येक 12वी के विद्यार्थियो को स्मृति चिन्ह के रूप में भगवान शिवजी की प्रतिमा भेट की गई। अंत में मोहनलाल सर, कमल सिंह नगर, रानू जायसवाल, हेमंत उपाध्याय, और प्राचार्य एम एस पारसनिया के द्वारा बच्चो को उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशीष वचनों से संबोधित किया। कार्यक्रम का समापन कक्षा 11वी की छात्रा समीक्षा पटेल के द्वारा आभार प्रकट कर किया।




# 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश को टीम इवेंट्स में मिला स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

राष्ट्रीय सॉफ्टटेनिस कोच गौरव कदम ने बताया कि रायपुर छत्तीसगढ़ में 19 से 22 जनवरी 2024 तक खेली गई 67 वीं राष्ट्रीय शालेय सॉफ्टटेनिस ( 14,17 एवं 19 वर्ष से कम बालक, बालिका क्रीड़ा प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश टीम ने 17 वर्ष बालक वर्ग में टीम इवेंट्स मुकाबले में स्वर्ण पदक,14 वर्ष बालक में रजत पदक तथा 17 वर्ष सिंगल्स के बालको के मैच में देवास के निपुण सांगते ने स्वर्ण पदक व 14 वर्ष बालक में भोपाल के आराध्य पटेल ने रजत पदक जीत कर प्रदेश को जीत दिलाई। खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा ट्रॉफी एवं पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। मध्यप्रदेश दल के जनरल मैनेजर विश्वामित्र अवार्डी सुदेश सांगते व कोच अभिषेक परिहार एवं मैनेजर हेमेन्द्र निगम थे। प्रदेश के खिलाड़यों की इस उपलब्धि पर सहायक संचालक क्रीड़ा लोक शिक्षण संचालनालय आलोक खरे, शिक्षा अधिकारी हीरालाल खुशाल, खेलगुरु राधेश्याम सोलंकी, क्रीड़ा अधिकारी अभिमन्यु यादव, एस एन नामदेव, मनीष जायसवाल,आदित्य दुबे, विजय वर्मा, सुनील चौधरी, प्रवीण सांगते, विपुल, भारती नेक्या, राजेन्द्र विजयवर्गीय ने बधाई दी।



# निगम वाहन डिपो परिसर का आयुक्त ने किया निरीक्षण


हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

उज्जैन रोड पर स्थित नगर निगम के वाहन डिपो परिसर मे नवनिर्मित तहसील भवन मे तहसील कार्यालय स्थापित होना है। तहसील भवन कार्यालय के आसपास तहसील कार्यालय के अधिकारियों व कर्मचारियों एवं आगंतुको के वाहन पार्किंग को लेकर निगम आयुक्त रजनीश कसेरा के द्वारा निगम स्वास्थ्य अधिकारी जितेन्द्र सिसोदिया के साथ वाहन डिपो का निरीक्षण किया। साथ ही निगम के कचरा संग्रहण वाहन की पार्किंग को लेकर भी निरीक्षण किया। जिसमे निगम कचरा संग्रहण वाहन एवं अन्य वाहन के लिए उज्जैन रोड स्थित नगर निगम के पुराने आयुक्त निवास की खुली भूमि का भी निरीक्षण कर पुराने आयुक्त निवास की खुली भूमि पर वाहन खडे करने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी को दिए। वाहन खडे करने के साथ ही खुली भूमि को चारो तरफ से कवर करने तथा सीसीटीवी कैमरे एवं प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था तथा निगम से ही एक गार्ड एवं चौकीदार की व्यवस्था भी किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही नवीन कचरा संग्रहण वाहन पार्किंग के आस पास का अस्थाई अतिक्रमण तत्काल हटाये जाने के निर्देश दिए।



### मीना राव ने मास्टर एथलेटिक चैम्पियनशिप में जीता गोल्ड मैडल

**देवास।** एमेच्योर कराते एसोसिएशन जिला देवास की उपाध्यक्ष ने मास्टर एथलेटिक चौंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता। 44 वी मास्टर एथलेटिक चौंपियनशिप भोपाल के भेल ग्राउंड में आयोजित की गई जिसमे देवास जिले की राष्ट्रीय खिलाड़ी मीना राव ने गोला फेंक वा भला फेंक में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। इनकी उपलब्धि पर एमेच्योर कराते एसोसिएशन के संवरक्षक रवि जैन, अध्यक्ष राजेश कुमावत, सचिव राजीव चौहान ने बधाई दी।




**मल्हार स्मृति मंदिर देवास में जिला स्तरीय 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस' समारोह का आयोजन 25 जनवरी को: देवास।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाताओं को जागरूक करने एवं प्रजातंत्र में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए 25 जनवरी को मल्हार स्मृति मंदिर देवास में ''राष्ट्रीय मतदाता दिवस'' का आयोजन दोपहर 12 बजे से किया जायेगा। जिलास्तरीय आयोजन के लिए अनुविभागीय अधिकारी देवास को नोडल अधिकारी बनाया है। ''राष्ट्रीय मतदाता दिवस'' पर जागरूकता रैली का आयोजन भी किया जायेगा। जिले के सभी मतदान केन्द्र पर भी ''राष्ट्रीय मतदाता दिवस'' मनाया जायेगा।

# पेयजल टंकी निर्माण के लिए हुआ भूमि-पूजन



**बागली।** नगर परिषद ने निर्माण कार्य का किया भूमि-पूजन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

नर्मदा पेयजल योजना के अंतर्गत नगर परिषद बागली को जोड़ा गया है। इस दौरान बागली में पुरानी तहसील परिसर में नगर परिषद बागली द्वारा बुधवार के दिन युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राम सोनी, एसडीएम आनंद मालवीया,राजा साहब राघवेंद्र सिंह राजपूत, नगर परिषद अध्यक्ष सीमा कमल यादव, उपाध्यक्ष आरती विपिन शिवहरे, अध्यक्ष प्रतिनिधि कमल यादव की उपस्थिति में भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान कार्यक्रम आयोजित कर उक्त योजना के बारे में जानकारी दी गई। टंकी निर्माण होने के दौरान उत्तर टंकी से नगर में पानी का वितरण किया जाएगा। इस दौरान डा जेसी यादव, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अंकुर कानूनगो, पार्षद मनीषा खेरवाल, सांसद प्रतिनिधि कमल जायसवाल, सीएमओ महेश कुमार शर्मा, मुकेश चौबे, मोतिलाल पटेल, मुकेश गुप्ता, सूर्य प्रकाश गुप्ता ,नरेन्द्र सौरठ आदि उपस्थित रहे। संचालन राजेश तंवर ने किया। आभार सीएमओ महेश कुमार शर्मा ने व्यक्त किया है।

### बागली रेंज में हुआ अनुभूति कैंप, बच्चों को जंगल और जंगली जानवरों की दी जानकारी

# बच्चों को पर्यावरण से जोड़ना ही अनुभूति कैंप का उद्देश्य: बिरला

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

युवा पीढ़ी को पर्यावरण से जोड़ने के उद्देश्य को लेकर बच्चों को जंगल भ्रमण करा कर उन्हें पर्यावरण के बारे में जानकारी दी जा रही है। स्कूली बच्चों को प्रकृति कि गोद में ले जाकर उन्हें प्रकृति के संरक्षण के प्रति जागरूक करना हैं। साथ ही आज के समय में पर्यावरण के प्रति जागरूकता को लेकर इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को कई महत्वपूर्ण जानकारियां जंगल के बारे में दी जा रही है। उक्त बातें ग्राम पंचायात सेवन्याखुर्द के कुप तालाब के पास आयोजित अनुभूति कैंप कार्यक्रम के दौरान बच्चों को संबोधित करते हुए बागली रेंज के रेंजर गजानंद बिरला ने कही।

दो दिवसीय अनुभूति कैंप का समापन बुधवार के दिन हुआ। इस अवसर पर मुख्य रूप से नपा परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि कमल यादव, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अंकुर कानूनगो ,जनपद सदस्य आशीष पाटीदार, वन समिति अध्यक्ष बाबूलाल की उपस्थिति में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ।इस दौरान बाघ थिम पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान सुबह लगभग 8 बजे से शासकीय माध्यमिक विद्यालय कैलाश नगर के 125 बच्चों को वन विभाग के सभी अधिकारीयो व कर्मचारियों द्वारा शिक्षकों की उपस्थिति में बच्चों को जंगल भ्रमण कराया गया। जहां पर रेंजर राजेन्द्र सिंह सोलंकी ने बच्चों को पर्यावरण ,पेड़ पौधों एवं वन प्राणियों के बारे में जानकारी दी।



इसके पश्चात कार्यक्रम आयोजित कर पर्यावरण पर आधारित प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें प्रथम, द्वितीय और तृतीय आने वाले बच्चों को वन विभाग की और से पुरस्कार वितरित किए गए। इस दौरान कमल यादव, आशीष पाटीदार, अंकुर कानूनगो सहित मंच पर विराजित अतिथियों द्वारा पर्यावरण को लेकर अपने-अपने विचार व्यक्त किए गए। इस दौरान डिप्टी रेंजर नरेंद्र सिंह ठाकुर, गोविंद सोलंकी, महेंद्र सिंह सोलंकी ,दिनेश मोदी, दिनेश बनेडिया ,सुभाष कौशल, मोहन सिंह तंवर, राकेश सिंह सिसोदिया, मोहन राठौर ,सरपंच प्रतिनिधि राम प्रसाद जाटव, मुकेश गुप्ता ,सुरेश प्रजापत, शैलेंद्र भारद्वाज, योगेंद्र सिंह कुशवाहा ,शिक्षक विक्रम सिंह परमार, दीपक कर्मा ,पवन राठौड़ आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नेमीचंद विश्वकर्मा द्वारा किया गया एवं अंत में आभार रेंजर गजानन बिरला द्वारा व्यक्त किया गया।

**खबर संक्षेप**

## इंदौर की ब्रह्मचारिणी बहने आज आष्टा में

**आष्टा।** आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी महामुनिराज की प्रेरणा से संचालित लाडली कन्याओं के लिए अध्ययन एवं संस्कारो के लिए मध्यप्रदेश के इंदौर में संचालित प्रतिभा स्थली संस्थान की ब्रम्हचारिणी बहने अपने दल के साथ आजदिनांक 12 जनवरी 2024 दिन शुक्रवार सायंकाल 6:30 बजे किला मन्दिर में पधार रही हैदिगम्बर जैन पंचायत समिति के प्रवक्ता शरद जैन पोरवाल ने हमे बताया कि आज की चकाचौंध भरी दुनिया में आपके जीवन के अनमोल हीरे बच्चों को सुरक्षित एवं संस्कारित जीवन की ओर अग्रसर करने के लिए आचार्य गुरुवर श्री विद्यासागर जी महाराज की प्रेरणास्त्रोत प्रतिभास्थली इंदौर.से शिक्षिका बहने ब्रम्हचारिणी दीदी अपने दल के साथ पधार रही है विशेष व्याख्यान आज सायंकाल 6:30 बजे दिगम्बर जैन दिव्योदय तीर्थ किला मन्दिर पर होगा। अनमोल क्षणों से लाभान्वित होने व प्रतिभास्थली के उद्देश्य को जानने के लिए दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष आनंद जैन पोरवाल, कैलाश जैन चित्रलोक ने उपस्थित होकर संस्कारों के नाद लाभ लेने की अपील समाज जनों से की है।

## 117वां स्वर्गारोहण दिवस मनाया गया

**आष्टा।** श्री सिमंधर जिनदत्त धाम दादावाड़ी में दादगुरुदेव का 197 वाँ जन्मदिन एवं 117 वाँ स्वर्गारोहण दिवस गुरु सप्तमी पर्व मनाया गया। प्रातः दादाबाड़ी में दादा गुरुदेव की आरती व अन्य धार्मिक कार्यक्रम सम्पन्न हुए। दादाबाड़ी में आयोजित गुरु सप्तमी के कार्यक्रम में आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा,हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष कालू भट्ट,महासंघ के अध्यक्ष रूपेश राठौर, पार्षद रवि शर्मा एवं पार्षद प्रतिनिधि,विशाल चौरसिया, का दादाबाड़ी समिति के अध्यक्ष नगीन सिंगी, राजा पारख, भविष्य सुराणा,मनोज सुराणा आदि उपस्थित थे।

### काछीपुरा के राधा कृष्ण मंदिर में सुंदरकांड पर जमकर झूमे श्रद्धालु

# दिखा दीपावली सा नजारा, देर रात तक होती रही आतिशबाजी, भजनों पर झूमते रहे लोग





## विश्वकर्मा मानस मंडल ने देर रात्रि तक किया सुंदर कांड, दी सुंदर भजनों की प्रस्तुति





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

सोमवार का दिन सदियों याद किया जाएगा. क्योंकि, प्रभु श्री राम अयोध्या में विराजमान हुए हैं और ऐसे में दीपोत्सव मनाया जा रहा है। ऐसे में पुरा नगर जगमग जगमग कर है. रात के समय इस नगर का भव्य नजारा लोगों को देखने को मिल रहा है. आकाश में आतिशबाजी हो रही है. बच्चा- बुजुर्ग हर कोई भी दीपोत्सव का आनंद उठा रहा है. साल 2024 की पहली दीपावली 22 जनवरी को मनाई गई है. यह एक ऐसा दिन है जिसे कोई कभी भूल ही नहीं सकता है. वर्षों इंतजार के बाद प्रभु श्री रामलला अयोध्या में दोबारा विराजमान हुए हैं. उनके आगमन की खुशी में पूरा देश दीपोत्सव मना रहा है. लिहाजा यूपी के अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह का असर मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से 100 किलोमीटर दूर आष्टा में भी देखने को मिला. सोमवार सुबह से लेकर देर रात तक आष्टा में दिवाली जैसा माहौल रहा. शाम ढलते ही लोगों ने जमकर आतिशबाजी की. शहर के हर इलाके में लोगों ने परंपरागत मिट्टी के दीये जलाए. पुरा शहर भगवा रंग में रंगा हुआ नजर आया।

शहर और ग्रामीण इलाकों में जहां दिन के समय मंदिरों में पूजा अर्चना और भंडारे व शोभायात्रा का दौर चला तो शाम ढलते ही पुरा नगर दीये से जगमग हो उठा. दो पहिया और चार पहिया वाहनों पर युवक चौक-चौराहों पर जयकारे लगाते नजर आए। काछीपुरा के राधा कृष्ण मंदिर में सुंदरकांड पर जमकर झूमे श्रद्धालु,दिखा दीपावली जैसा नजारा, जमकर हुई आतिशबाजी, जलाए दीए। वास्तव में सोमवार को आष्टा में अलग सा नजारा था। राम मंदिर प्रतिष्ठा समारोह के बाद शहर में सोमवार की शाम से लेकर देर रात तक पटाखे फूटते रहे. दुकानों के बाहर दिए और मोमबत्तियां जलती रहीं और घरों की बालकनियों से रोशनी निकलती रहीं। तो मंदिरों मे दिनभर आरती, भजन कीर्तन, धार्मिक अनुष्ठान हुए तो शाम को भी मंदिरो में धार्मिक आयोजन चलते रहे। शहर के काछीपुरा स्थित राधा कृष्ण मंदिर में सुंदरकांड का आयोजन किया गया जो देर तक चलता रहा है इस दौरान सुंदरकाण्ड पर विश्वकर्मा मानस मंडल द्वारा सुन्दर सुन्दर भजनों की प्रस्तुति की गई! इस दौरान पूर्व ज़िला अध्यक्ष ललित नागौरी, संतोष झंवर ने अपनी सुरीली आवाज में सुन्दरकाण्ड पर ऐसा समा बांधा की श्रद्धालु मंत्र मुग्ध हो कर जमकर झूमने लगे और भजनों पर नृत्य का आनंद लेने लगे।

काछीपुरा में रहने वाले कैलाश कुशवाह, मनोज पटेल, माखन कुशवाहा, बलराम कुशवाहा ने कहा कि सुबह से हर ओर खुशी का माहौल है. हर किसी के चेहरे में खुशी साफ झलक रही है. ऐसा नजारा जिंदगी में पहली बार देखने को मिला है. सुबह से पूजा पाठ के बाद राम भजन व कीर्तन किया गया है. उसके बाद अब शाम के समय घरों को दीपों से सजाया गया और अब बच्चों के साथ रात में पटाखे जला रहे हैं. ऐसी खुशी जिससे कभी मन न भरे. ऐसा नजारा देखकर मन इतना खुश है कि उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता. वहीं रात को सुंदरकांड का पाठ आयोजित किया गया !इस दौरान सुन्दर काण्ड में विश्वकर्मा मानस मंडल के भजन गायक मनीष विश्वकर्मा, विष्णु विश्वकर्मा ने अपनी सुरीली आवाज में सुन्दर सुन्दर भजनों की प्रस्तुति दी।

# ग्राम बमुलिया रायमल में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

### ढोल-नगाड़ों के साथ निकाली यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

अयोध्या में प्रभु श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में ग्राम बमुलिया रायमल में भी बड़े ही धूमधाम से उत्सव मनाया गया जिसमें श्री राम मंदिर को सजाया गया। भगवान राम की प्राण-प्रतिष्ठा पर भव्य शोभायात्रा ढोल, नगाड़ों के साथ व आतिशबाजी के साथ ग्राम में निकाली गई। इस दौरान विशाल भंडारा किया गया। रात्रि को गांव के ही छोटे-छोटे भैया-बहनों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। जिसमें गांव के सभी नर नारी कार्यक्रम देखकर भाव विभोर हो गए इस सांस्कृतिक कार्यक्रम का मंच संचालन वीरेंद्र सिंह ठाकुर ने किया।

# सरस्वती शिशु मंदिर में कई कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

ग्राम भारती शिक्षा समिति जिला सीहोर द्वारा संचालित सरस्वती शिशु विद्या/मंदिर कुरावर में श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में प्रभु श्री रामचंद्र जी के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष में 22 जनवरी 2024 को ग्राम कुरावर मे भैया बहनों के द्वारा कुलगुरु विश्वामित्र, रामजी, लक्ष्मण जी, भरत जी, शत्रुघ्न जी, माता सीता जी आदी बनाए गए। ढोल नगाड़ों व आतिशबाजी के साथ नगर भ्रमण हुआ। ग्राम में अनेक स्थानों पर स्वागत, अल्पाहार, चाय, भोजन आदि की व्यवस्था की गई। प्रभु राम अपने धाम अयोध्या 500 वर्षों के बाद पधारे हैं, इस खुशी में गांव में अनेक जगहों पर रंगोली बनाई। कुरावर भगवामय, राममय हुआ, भिन्न-भिन्न प्रकार से प्रभु श्री रामचंद्र जी का स्वागत किया।

## मुनि भूतबलि सागर महाराज के आष्टा आने पर समाजजनों ने श्रीफल भेंट किया



**आष्टा।** मंगलवार 23 जनवरी को आष्टा दिगंबर जैन समाज ने शुजालपुर पहुंच कर परम पूज्य संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महामुनिराज के परम प्रभावक शिष्य परम पूज्य मुनि श्री भूतबलि सागर जी महाराज ससंघ को आष्टा पधारने हेतु श्रीफल भेंट किया। पूज्य गुरुदेव भूतबलि सागर महाराज ससंघ शुजालपुर में विराजमान है। दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष आनंद जैन पोरवाल के नेतृत्व में सैकड़ों श्रावक -श्राविकाओं ने शुजालपुर पहुंच कर पूज्य मुनि श्री को आष्टा शुभागमन की भावना को लेकर श्रीफल भेंट किया।पूज्य मुनि श्री ने इस अवसर पर अपने आशीष वचन मांगलिक में बताया कि हर आत्मा में राम है, बस उसे पहचानने की जरूरत है।उसे प्रकट करने की जरूरत है।अपने इष्ट का ध्यान कर ब्रम्ह मूहर्त में उठ कर नित्य ही ध्यान करना चाहिए,सामायिक करना चाहिए। सभी को परमात्मा का स्मरण प्रति समय करते रहना चाहिये।भगवान राम ने मर्यादा में रह कर अपने पुरुषात्व को जीता था, पहचाना था। इसलिए वे मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाये ।हम भी उन्ही के आदर्शों पर चल कर अपने जीवन को धन्य करे। एकता के सूत्र में बंधे रहे एवं अपने अंतिम लक्ष्य को प्राप्त करें।

# सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत नियम का पालन करने वाले को दिए फूल



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

देवास भोपाल फोर लेन सी एस आर प्रशासन मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के निर्देशन में यातायात पुलिस प्रशासन उप निरीक्षक शिवेंद्र मिश्रा एवं प्रभारी यातायात बी. एस. धाकड़ के साथ मिल कर सुरक्षित यात्रा के लिए देवास भोपाल फोर लेन सड़क से गुजरने पर बरती जाने वाली सावधानियों एवं यातायात नियमों का पालन करने के फायदों से अवगत करा रही है।

डी बी सी पी एल प्रशासन सुरक्षित यात्रा एवं सड़क दुर्घटना पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से सड़क की अधिकतम गति सीमा को ध्यान में रख कर वाहन परिचालन करने एवं नियम पालन करने का निवेदन के साथ सड़क सुरक्षा सप्ताह में वाहन चालकों से नियम पालन प्रतिबद्धता की शपथ दिला रही है। देवास भोपाल फोर लेन सड़क प्रशासन फोर लेन द्वारा जगह जगह सड़क सुरक्षा शिक्षा नुक्कड़ सभा, नियम पालन करने वाले लोगों का सम्मान एवं सुरक्षा से सफर करने की अपील कर रही है। देवास भोपाल फोर लेन सी एस आर प्रशासन ने बताया कि देवास भोपाल फोर लेन प्रशासन पुलिस प्रशासन के उप निरीक्षक शिवेंद्र मिश्रा ,प्रधान आरक्षक गिरीश राठौर ,आरक्षक गौतम मानकर के साथ मिल कर ग्रामीण वाहन चालकों को सुरक्षा के लिए हाइवे पर जानें पूर्व सावधानियों से अवगत कराने के साथ दुर्घटना संभावित बिन्दु से अवगत करा रही है। देवास भोपाल फोर लेन प्रशासन सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत कई प्रकार से वाहन चालकों के मध्य सड़क सुरक्षा एवं जीवन महत्व को समझा रही है।

डीबीसीपीएल सी एस आर प्रशासन का उद्देश्य सभी की दुर्घटना से रक्षा एवं सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना है ।ताकी वाहन चालक एवं आम जन नियम न पालन करने के दुष्परिणाम से अवगत हो ।साथ ही रात्रि मे दुर्घटना से सुरक्षा के लिए वाहनों के पीछे रेडियम स्टीकर चिपकाना, नियम पर्चे वितरीत कर नियम पालन करने वाले वाहन चालकों को फूल एवं ग्रीटिंग काड्र्स देकर सम्मानित कर रही है।

इसी के साथ ही हेलमेट, गतिसीमा, चौराहा पर सावधानी आदी नियमों को समझा रही है, ताकि आए दिन हो रही दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। इस मौके पर डीबीसीपी एल टोल प्रबंधक मनजीत यादव, श्याम वीर जी, मेंटेनेंस अधिकारी नीतिन गोयल, सी एस आर प्रबन्धक उमाशंकर पांडेय, उप निरीक्षक शिवेंद्र मिश्रा ,प्रधान आरक्षक, गिरीश राठौर आरक्षक , गौतम मानकर, एम्बुलेंस चालक सुशील जाधव, हिमांशु, धीरज मालवीय एवं कई सम्माननीय उपस्थित थे।


# पंकज यादव बने आष्टा नगर शमशान समिति के कार्यकारी अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

पूर्व पार्षद पंकज यादव को श्मसान समिति का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया। इस दौरान पंकज यादव के शमशान समिति के कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर ईष्ट मित्रों द्वारा फूल माला स्वागत सम्मान कर बधाई दी गईं। शमशान समिति के कार्यकारी अध्यक्ष पंकज यादव के स्वागत के दौरान पंकज नाकोड़ा, पंकज राठी ,आंनद जैन ,नीलेश खंडेलवाल, बसन्त पाठक, मनीष धारवा, सुशिल पांचाल, सुमित मेहता ,गोरी राठौर, पवन वर्मा, मनीष राठौर सहित कई लोग मोजूद रहें। गौरतलब हे की पंकज यादव भाजपा नेता के साथ पूर्व में हिन्दू उत्सव समिति सहित समाज के कई पदों पर रहकर सामाजिक कार्यों में अपनी सक्रिय भूमिका निभाते आये है।सामाजिक कार्यों में उनकी सक्रियता को देखते हुए शहर की महत्वपूर्ण संस्था शमशान समिति का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया। वैसे वर्तमान में शमशान समिति के अध्यक्ष अनोखीलाल खंडेलवाल है।

# अखिलेश बाबू राजपूत बने यूथ कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष, मिली बधाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

पूर्व कैबिनेट मंत्री सज्जन सिंह वर्मा और यूथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत भूरिया के निर्देश अनुसार युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजकुमार यादव की अनुशंसा पर युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा युवा नेता अखिलेश बाबू राजपूत को युवक कांग्रेस के ग्रामीण ब्लॉक का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस दौरान अखिलेष राजपूत को न्युक्ति पत्र पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा की मौजूदगी में दिया गया। अखिलेश राजपूत के ब्लाक अध्यक्ष बनने पर कांग्रेस जनों ने बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उजवाल भविष्य की कामना की। इस दौरान नई जिम्मेदारी मिलने पर अखिलेश राजपूत ने वरिष्ठ नेताओं का आभार जताया और कहा की पार्टी द्वारा मिली नई जिम्मेदारी का इमानदारी से निर्वहन करुगा।

# 22 दिनों तक सुंदरकांड का पाठ अंतिम दिन कराया कन्याभोज



हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष में ग्राम खाचरोद में खेड़ा स्थित राम मंदिर पर अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद द्वारा 1 जनवरी से 22 जनवरी तक लगातार सुंदरकांड के पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में आसपास ग्रामीण क्षेत्र के कलाकारों द्वारा सुंदरकांड के पाठ में भाग लिया। सोमवार को मंदिर पर कन्या भोज का आयोजन किया गया। जिसमें सभी ग्राम वासियों द्वारा भगवान श्री राम की आरती कर प्रसादी वितरित की गई। इस मौके पर मांगीलाल पटेल, रामचंद्र योगी, घासीराम महेश्वरी, मांगीलाल महेश्वरी, बाबू सिंह ठाकुर, विजेंद्र सिंह ठाकुर, हेमंत ठाकुर, गोलू ठाकुर, ओम ठाकुर, देवेंद्र ठाकुर, बहादुर सिंह ठाकुर, पवन ठाकुर, विट्ठल विश्वकर्मा आदि लोग उपस्थित थे।

### श्री जगदीश्वर धाम महिला मंडल ने किया श्रीराम यात्रा का आयोजन

# महिला मंडल ने सुंदरकांड और रामभजनों की दी प्रस्तुति





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

श्रीजगदीश्वर धाम राधकृष्ण मंदिर पर मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम जी की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का तीन दिवसीय महोत्सव बड़े उल्लास के साथ श्रीजगदीश्वर धाम महिला मंडल द्वारा मनाया गया। महिला मंडल ने सुंदरकांड पाठ, एकादशी भजन व रामभजनों की प्रस्तुति दी। मंदिर में आकर्षक रंगोली बनाई। प्रतिष्ठा वाले दिन दोपहर 12:20 बजे महा आरती कर भव्य महाप्रसादी का वितरण किया गया। निकाली श्रीरामयात्रा अयोध्या में राम मंदिर मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सोमवार को श्रीजगदीश्वर धाम महिला मंडल की महिलाओं ने भगवान श्रीराम यात्रा निकाली गई। श्रीराधा कृष्ण मंदिर से निकाली गई यात्रा में महिलाओं ने बढ़चढकर भाग लिया। भगवा रंग में महिलाओं ने जय श्री राम के जयकारों के साथ पदयात्रा में रामधुन पर नृत्य किया। यात्रा का नगर में जगह-जगह स्वागत किया।

# छात्र शक्ति ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस की मनाई जन्म जयंती



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

छात्रनेता मनीष प्रजापति के नेतृत्व में महाविद्यालय के छात्रो ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण कर नेता जी बोस को दी श्रद्धांजलि छात्रनेता मनीष प्रजापति ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहाँ 23 जनवरी नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की 128वी जयंती मनाई जा रही हैं नेता जी सुभाष चन्द्रबोस की जयंती को पूरा देश पराक्रम दिवस के रूप में मनाता हैं उनके विचार आज भी युवाओ को काफ़ी प्रेरित करते हैं उन्होंने आज़ादी की लड़ाई में बेहद अहम भूमिका निभाई थी उन्होंने आज़ादी लड़ते वक्त नारा दिया था तुम मुझे खून दो में तुम्हें आज़ादी दूँगा उन्होंने इस नारे के साथ आज़ादी की लड़ाई लड़ रहे सेनानियों में जोश और नई ऊर्जा भर दी थी नेताजी बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 में उड़ीसा में कटक में हुआ था नेता जी के विचार आजभी युवाओ को प्रेरित करने का काम करते हैं माल्यार्पण में मनीष प्रजापति रोहित तोमर प्रिंस कुशवहा निखिल मालवीय राहुल जाट अनमोल जैन पियूष जैन पंकज राव अभिजीत माया चौहान मंजु चौहान निकिता तंबोलिया मुस्कान लोधी संध्या मालवीय स्वाति बागवान दीपक गोर रोहित कुमार ध्रुव यादव सचिन आदि छात्र छात्रा मोजूद थे।

## राज्यपाल ग्राम गनियारी में विकसित भारत संकल्प यात्रा में हुए सम्मिलित

# मानवीय संवेदनाओं को छूती है प्रधानमंत्री मोदी की हर योजना : राज्यपाल पटेल

### जिला स्तरीय दिव्यांग शिविर के अंतर्गत 406 पंजीकृत, 92 का उपकरण के लिए चयन, 95 को दिए गए मेडिकल सर्टिफिकेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-नरसिंहगढ़





कई बार दूर-दराज क्षेत्र में रहने वाले ग्रामीणों, गरीब एवं कम पढ़े लिखे लोगों तक सरकार की जनहितैषी योजनाओं का लाभ नहीं पहुंच पाता है और वह लाभ से वंचित रह जाते हैं, सबका साथ सबका विकास थीम पर आधारित यात्रा का उद्देष्य ऐसे वंचित लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। यह बात प्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने मंगलवार को जिले के नरसिंहगढ़ विकासखण्ड के ग्राम गनियारी में विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि हम सबका प्रयास हो कि कोई भी पात्र हितग्राही योजनाओं का लाभ पाने से न छूटे। इस अवसर पर सांसद रोडमल नागर, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग नारायण सिंह पंवार, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कौशल विकास एवं रोजगार विभाग गौतम टेटवाल, विधायक नरसिंहगढ मोहन शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष चंदरसिंह सौंधिया, जनपद अध्यक्ष संजू दीवान सिंह राजपूत एवं ग्राम पंचायत की सरपंच रामसिया हेमराज गुर्जर विशेष रूप से उपस्थित थे।

#### प्रधानमंत्री की हर एक योजना मानवीय संवेदनाओं से भरी हुई

राज्यपाल पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लागू की जाने वाली हर एक योजना मानवीय संवेदनाओं को ध्यान में रखते हुए बनाई गई जाती है। जल जीवन मिशन से घर-घर पानी पहुंच रहा है एवं आम आदमी की पेयजल की समस्या दूर हुई है। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना से हर गरीब को पक्का घर मिला है, वही उज्जवला गैस योजना से महिलाओं की खाना पकाने की दिक्कत दूर हुई है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड योजना से बीमारी का मुफ्त इलाज हो रहा है। यह सब योजनाओं जरूरतमंदो के हितों को देखकर बनाई गई है।

#### देश का सामाजिक एवं सांस्कृतिक ताना बाना मजबूत हो रहा : पंवार

कार्यक्रम में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग नारायण सिंह पंवार ने कहा कि मौजूदा सरकार के कार्यकाल में अभूतपूर्व विकास कार्य हो रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास के सपने पूरे हो रहे हैं। देश का सामाजिक एवं सांस्कृतिक ताना बाना मजबूत हो रहा है। सभी लोगों से अपेक्षा है कि वे देश के विकास में सहभागी बने।

#### समाज के सभी वर्गों को मिल रहा लाभ : टेटवाल

कार्यक्रम में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कौशल विकास एवं रोजगार विभाग गौतम टेटवाल ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा समाज के सभी वर्गों के लाभ के लिए है। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं को कौशल विकास के लिए तेजी से कार्य कर रही है। उनके विभाग द्वारा प्रतिवर्ष एक लाख युवाओं का कौशल विकास दिया जाएगा। यह कौषल विकास विभिन्न 18 कौशल क्षेत्रों में होगा। प्रशिक्षण उपरांत युवाओं को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए एक-एक लाख रूपये का ऋण भी प्रदान किया जाएगा।

#### मंच से लाभांवित हुए हितग्राही

कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने विभिन्न योजनाओं से लाभांवित हितग्राहियों को प्रशस्ति पत्र हितलाभ प्रदान किए। जिन हितग्राही को प्रशस्ति पत्र, हितलाभ प्रदान किए गए। उनमें आयुष्मान भारत योजना से पवन पिता दयाराम धनगर, उज्जवला योजना से अनुसूईया पति सुरेश राठौर, हेमलता सौंधिया, पवन सक्सेना, राहूल साहू, लक्ष्मी पति धर्मेश, सुनील कुमार पिता देवीलाल जाटव, संजोग पिता कमलकांत राजोरे, वीरेन्द्र सिंह पिता मानसिंह राजपूत, सुनील पिता कंवरलाल नागर, ओमप्रकाश पिता मांगीलाल एवं मांगीलाल पिता बापूलाल शामिल हैं।

#### कार्यक्रम स्थल पर दिव्यांगजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया

*विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम पंचायत गनियारी में राज्यपाल मंगूभाई पटेल की उपस्थिति में जिला स्तरीय दिव्यांगजन का स्वास्थ्य परीक्षण एवं सहायक उपकरण वितरण हेतु चिंन्हाकन शिविर का आयोजन एलिम्को के माध्यम से किया गया। शिविर के अंतर्गत 406 दिव्यांगजनों द्वारा पंजीयन कराया गया एवं 92 दिव्यांगजनों का चयन उपकरण के लिए किया गया। मेडिकल बोर्ड द्वारा 95 दिव्यांगजनों को मेडिकल सर्टिफिकेट प्रदाय किए गए।*

#### जिला पंचायत अध्यक्षों के अधिकार बहाल करने राज्यपाल से किया आग्रह

*इस दौरान राजगढ़ जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया ने उन्हें एक पत्र सौपते हुए जिला पंचायत एवं जनपदों के अध्यक्षों के अधिकार बहाल कराए जाने का आग्रह किया। पत्र में उल्लेख है की मध्यप्रदेश में जिला पंचायत अध्यक्षों एवं जनपदों के अध्यक्षों को 1993 तक शासन से कई तरह के अधिकार प्राप्त थे लेकिन, अब उन अधिकारों में काफी कटौती की जा चुकी है। जिला पंचायत अध्यक्ष सौंधिया ने राज्यपाल को बताया की मुख्यमंत्री इन दिनों संभागीय बैठकें ले रहे हैं जिनमे सांसद, विधायक, अधिकारियों को बुलवाया जा रहा है लेकिन, जिला पंचायत अध्यक्षों की अवहेलना की जा रही है। अगर जिला व जनपदों के अध्यक्षों के पास पूर्व जितने अधिकार रहेंगे तो वे अपने जिले और क्षेत्र का चहुंमुखी विकास करवा पाएंगे।*

---

#### रानीलक्ष्मी चौक से बिरसा मुंडा चौराहे तक बनेगी सड़क

## मार्केट की सड़क के चौड़ीकरण के लिए नपा ने कराई मार्किंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

नगर पालिका द्वारा कायाकल्प योजना के तत करवाए जा रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की फेहरिष्त में राजगढ़ नगर के मुख्य मार्ग पर भी डामरीकरण करवाया जाना है। करीब 39 लाख की लागत से बनने वाली सड़क के लिए मंगलवार को नपाध्यक्ष विनोद साहू, सांसद प्रतिनिधि मनोज हाड़ा, सीएमओ रवि गुप्ता, इंजीनियर राजेंद्र यादव सहित अन्य ने मौका-मुआयना करते हुए सड़क निर्माण के लिए मार्किंग करवाई। रानी लक्ष्मी चौक से लेकर बिरसा मुंडा चौराहे तक की करीब 400 मीटर सड़क पर चौड़ीकरण कार्य करवाया जाएगा। नगर पालिका की टीम ने सड़क के दोनों तरफ चूने से मार्किंग करने के साथ ही अतिक्रमण वाले स्थानों को भी चिन्हित किया है। सीएमओ गुप्ता ने बताया कि सड़क निर्माण में आने वाले अतिक्रमण को तत्काल हटाया जाएगा।

#### सभी पेड़ों को रखेंगे सुरक्षित

शहर के सबसे व्यस्ततम कहे जाने वाले मेन मार्केट की सड़क के दोनों तरफ पीपल, नीम, बरगद आदि के कई पेड़ अलग-अलग स्थानों पर स्थित हैं। नगर पालिका ने डिसाइड किया है कि इन पेड़ों को यथावत रखते हुए सड़क निर्माण व चौड़ीकरण करवाया जाए।

---

## राम कथा में कार सेवकों का किया सम्मान



**सारंगपुर।** भारत तिब्बत समन्वय संघ द्वारा सनातन धर्म ओर विश्व आस्था व अस्मिता के प्रतिक मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के प्राकट्य के अवसर पर भारत तिब्बत समन्वय संघ जिला राजगढ़ ब्यावरा ने भगवान श्रीराम कथा के अवसर पर सामुहिक रूप से देवाधिदेव महादेव के मुल स्थान केलाश मानसरोवर को मुक्त कराने हेतु हजारों हजार श्रद्धालु राम भक्तों से संकल्प करवाया गया। जिसमें जिला अध्यक्ष अनिल बारकिया ने संघ के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। महामंत्री नंदकिशोर पुष्पद ने हर हर महादेव के उदघोष के साथ संकल्प करवाया। साथ ही इस गरिमामय राम कथा समारोह में भारत तिब्बत समन्वय संघ जिला राजगढ़ ब्यावरा ने अयोध्या कार सेवा में भाग लेने वाले कार सेवकों में डॉ कुलदीप भल्ला, नंदकिशोर पुष्पद तलेनी, भैरूसिंह,जयसिंह राजपूत, शिवसिंह लववंशी, महेश विजयवर्गीय आदि का साल श्री फल एवं हार साफा पहनाकर सम्मानित किया गया। सभी के योगदान पर प्रकाश डाला। संघ के मिडिया प्रभारी महेश पुष्पद तलेनी ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर ओम राठी, अशोक साहू, धुरव भल्ला, राजु गुप्ता, बलराज व्यास, अर्जुन सिंह गोपालपुरा, डाक्टर नेमीचंद जाटव आदि उपस्थित थे।

---

## कराते स्पर्धा में जिले के बच्चों ने गोल्ड सहित जीते 9 पदक



**राजगढ़।** देवास में दो दिवसीय नेशनल कराते प्रतियोगिता का आयोजन 21 एवं 22 जनवरी को किया गया। देवास के तुकोजीराव पंवार इन्डोर स्टेडियम में आयोजित हुई प्रतियोगिता में राजगढ़ जिले के बच्चों ने अलग-अलग कैटेगरी में 9 पदक जीते हैं। कराते संघ एवं क्रीडाभारती के सचिव अक्षय शर्मा ने बताया कि रामेष्ट मार्षल आर्ट अकेडमी ब्यावरा एवं जिला डेवलपमेंट कराते संघ के खिलाड़ी निखिल शाक्यवार एवं घनश्याम कुशवाह ने गोल्डमेडल एवं धुरव शर्मा, अनिरुद्ध सोनी, बसंत विष्वकर्मा, सलोनी प्रजापति, धारणा नामदेव, निकिता दांगी, गौतम सेन ने ब्रांज मेडल प्राप्त किए हैं। सभी खिड़ालियों का मप्र कराते एसोसिएशन के सचिव विनय यादव, एसोसिएशन अध्यक्ष कंचन किशोर सोनी, कोच सचिन शर्मा, किशन बैरागी, इंद्रनारायण श्रीवास, धर्मराज दांगी सहित अन्य द्वारा ढोल-ढमाकों एवं हार-माला से स्वागत, अभिनंदन किया गया।

## मानक लेखन प्रतियोगिता में दीक्षा साहू और शीतल चौहान ने संयुक्त रूप से जीता प्रथम पुरस्कार



**राजगढ़।** कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल में भारतीय मानक ब्यूरो भोपाल द्वारा बनाए गए मानक क्लब के अंतर्गत मानक लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 26 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस सपर्धा में प्रथम स्थान दीक्षा साहू और शीतल चौहान ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान प्रियंका गोद एवं जरीन खान, तृतीय स्थान कुछ मुस्कान चौहान और भावना राव, चतुर्थ स्थान रक्षा पुष्पद एवं किरण चौहान ने प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को क विद्यालय प्राचार्य हेमलता हाड़ा, आरएम.टी रजत कुलश्रेष्ठ, मार्गदर्शक मैटर शिक्षिका अचला जैन द्वारा नगद पुरस्कार प्रदान किये गये। ज्ञात रहे कि भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा कक्षा नौवीं से ऊपर वाले छात्र, छात्राओ को मान्को के प्रति जागरुगता के लिए इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

## सिरोंज ने सुठालिया को हराया चाचौड़ा ने बीनागंज को दी मात



**सुठालिया।** नगर के पीला खाल खेल मैदान पर युवा शक्ति ग्रुप के तत्वाधान में चल रहे टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार के दिन पांच मुकाबले खेले गए। सबसे पहला मैच नारबे व नापनेरा हुआ, जिसमें निर्धारित सात ओवर में नारबे की टीम ने 173 रन बनाए। नारबे के धाकड़ बल्लेबाज बंटी ने 97 रनों की पारी खेली। बड़े लक्ष्य के जवाब में पीछा करने उतरी की टीम मैच 80 रन पर ही ऑल आउट हो गई। इसके बाद बीनागंज वर्सेस चाचौड़ा के बीच मैच खेला गया। जिसमे चाचौड़ा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवर में 154 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। चाचौड़ा के सुरेंद्र ने 97 की पारी खेल कर दर्शकों का दिल जीत लिया। पीछा करने उतरी बीनागंज की टीम 70 रन भी पूरे नहीं कर पाई। इसके बाद में झालावाड़ व सिरोंज के बीच मैच हुआ जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए झालावाड़ ने 90 रन का टारगेट दिया। यह मैच सिरोंज ने खराब शुरुआत के बाद भी जीत लिया। इसके बाद चाचौड़ा व नारबे का मुकाबला हुआ, जिसमे चाचौड़ा ने घातक गेंदबाजी करते हुए मात्र 31 रन पर नारबे की टीम को आलआउट कर दिया व यह मेच केवल ओवर में जीत लिया। दिन का अंतिम मैच सिरोंज वर्सेस सुठालिया फ्रेंड्स क्लब के बीच में हुआ। जिसमें फ्रेंड्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 90 रन बनाए जिसमें गोविंद ने लगातार तीन छक्के मार कर 30 रनों की पारी खेली। पीछे करने उतरी सिरोंज की टीम ने इस लक्ष्य को हासिल कर लिया। बता दे की सुठालिया खेल महोत्सव के नाम से आयोजित इस आयोजन के संरक्षक मध्य प्रदेश शासन के मंत्री नारायण सिंह पंवार है। वहीं ये आयोजन सुनील सरावत मित्र मंडल द्वारा करवाया जा रहा है। आज से इस टूर्नामेंट में भोपाल सहित कहीं बड़ी टीम खेलने के लिए मैदान में उतरेंगी। बता दे कि राज्य स्तरीय इस क्रिकेट टूर्नामेंट की लोकप्रियता दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है।

## केवट राज मंदिर धर्मशाला में मेवाड़े समाज ने किया सुंदरकांड पाठ का आयोजन

### अयोध्या में भगवान रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में झिलमिलाती रोशनी से सजा नगर, हुई आतिशबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर





सोमवार को अयोध्या में भगवान श्री रामलला मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन को लेकर नगर के विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित हुए। जिसमें मेवाडे समाज द्वारा पण्डाजी बाग रोड केवट राज मंदिर धर्मशाल में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया।

जिसमें महिला पुरुष बच्चे सभी ने उत्साह के साथ सुंदरकांड पाठ के आयोजन में भजन कीर्तन भी किए गए। मेवाड़े समाज द्वारा केवट राज मंदिर को आकर्षक रोशनी लाइटों से सजाया गया। मेवाड़े समाज द्वारा अयोध्या में भगवान श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण सोशल मीडिया पर देखते ही केवट राज धर्मशाला पर जोरदार आतिशबाजी की गई ओर खुशियां मनाई गई। वहीं इसके बाद सभी समाज जनों ने सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। वहीं नगर एवं गांवों में समस्त हिंदू संगठनों ने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर भंडारे का आयोजन किया गया। वहीं शाम होते ही पूरा नगर झिलमिलाती रोशनियों से सजा हुआ दिखाई दिया। वहीं पूरा नगर राममय हो उठा चारों ओर जय श्री राम के नारे और राम आएंगे अंगना सजायेंगे एवं भजन कीर्तन सुनाई दे रहे थे। शाम होते ही लोगों ने अपने अपने घरों के सामने जोरदार आतिशबाजी की गई। चारों ओर आनंद और उत्साह की लहर दिखाई दे रही थी।

---

#### जगह-जगह निकाली गईं शोभायात्रा

## गांव से शहर तक श्रीराम का जयघोष, भगवामय हुआ नगर



**जीरापुर।** अयोध्या में श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर जगह-जगह शोभायात्रा निकाली गई। गांव से लेकर नगर तक जय श्रीराम की जयघोष से माहौल भक्तिमय हो गया। इस दौरान शोभा यात्रा के बाद मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान के साथ भजन, कीर्तन, अखंड रामायण, सुंदरकांड पाठ हनुमान चालीसा धार्मिक आयोजन से गुंजायमान हुआ। नगर के प्रत्येक धार्मिक स्थल मंदिरों से एवं विभिन्न समाज बंधुओ महिला पुरुष बच्चों युवाओं द्वारा नगर में शोभायात्रा निकल कर जय श्री राम एवं भजनों की धूम मचाई। इसमें भगवान श्रीराम सीता की झांकी निकली गई। नगर में कुशवाहा समाज के द्वारा अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर कुशवाहा मोहल्ला में श्री राम मंदिर का जीर्णोद्धार कर नगर में शोभायात्रा निकाली तथा भगवान कि प्राण प्रतिष्ठा की। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में दिनभर जय श्री राम के नारे से पूरा वातावरण भक्ति में हो गया। शहर में सभी ने अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद कर मंदिरों में भर्जन कीर्तन किए। शहर में ऐसा लग रहा था कि आज दीप उत्सव का पर्व है, क्योंकि जगह-जगह अतिशबाजी चलाकर भक्तिमय हुए।

#### भगवान राम की प्राण-प्रतिष्ठा के दिन जिला अस्पताल में हुईं 12 डिलेवरी

# 22 को जन्मे 12 बच्चे, किसी ने 'राघव' तो किसी ने 'जानकी' रखा नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़




अयोध्या में भगवान राम की प्राण-प्रतिष्ठा के एतिहासिक दिवस को सभी अपने जीवन में भी चिरस्मरणीय बनाकर रखना चाहते हैं। यही कारण है कि जिला अस्पताल राजगढ़ में 22 जनवरी को जन्मे बच्चों के नाम भगवान राम और माता सीता के नामों पर रखने की इच्छा उनके पालकों ने जाहिर की है।

जानकारी के अनुसार 22 जनवरी की प्रातः से लेकर रात्रि 12 बजे तक जिला अस्पताल में कुल 12 डिलेवरी हुईं। सभी मामलों में माताओं ने हष्ट-पुष्ठ बच्चों को जन्म दिया। इन 12 बच्चों में छह बालक एवं छह बालिकाएं शामिल है। संपूर्ण भारत के लिए ऐतिहासिक दिवस मानी जा रही 22 जनवरी की तारीख को यादगार रखने नवजात बच्चों के नाम उनके पालकों ने भगवान राम और माता सीता व उनके अन्य नामों यथा राघव, रामभद्र, राजीव, जानकी, वैदेही इत्यादि रखने की बात कही है। कुछ पालकों ने बताया कि वे नामकरण संस्कार के समय पंडित द्वारा सुझाए गए अक्षर पर बच्चे का नाम रखेंगे लेकिन वह नाम भी भगवान राम और माता सीता के अन्य नामों पर ही रखा जाएगा।

#### इन गर्भवति माताओं की हुई डिलेवरी

22 जनवरी को जिला अस्पताल में जिन गर्भवति माताओं की डिलेवरी हुई है उनमें उर्मिला पत्नी घनश्याम ग्राम देहरी, ममता पत्नी राधेश्याम ग्राम भदूदूखेड़ी, लक्ष्मी पत्नी रामस्वरूप ग्राम कांसी, राधा पत्नी राकेश ग्राम प्रतापगंज, शीला पत्नी गुलाबसिंह ग्राम दलेलपुरा, राजकुमारी पत्नी करणसिंह मलावर, सुनीता पत्नी दशरथ निवासी ग्राम खैराड़, रेखाबाई पत्नी पप्पू निवासी गंगापाट, मांगीबाई पत्नी राजू ग्राम पुरा पाडल्या, हेमलता पत्नी जगदीश ग्राम खेड़ी एवं रिंकी पत्नी कालू ग्राम लावाबे एवं गायत्री पत्नी राहेश दलेलपुरा शामिल हैं।

## अस्पताल ले जाते समय एम्बुलेंस में गूंज उठी किलकारी



**राजगढ़।** भोजपुर निवासी एक प्रसूता को सोमवार सुबह 108 एम्बुलेंस से अस्पताल ले जाया जा रहा था। इस बीच महिला तो तेज पीड़ा होने पर एम्बुलेंस में ही प्रसव हो गया। एम्बुलेंस के स्टाफ ने प्रसूता की सफल डिलेवरी के बाद जच्चा-बच्चा को खिलचीपुर अस्पताल में भर्ती करवाया है।

जानकारी के अनुसार सोना कुंवर पत्नी जसवंत राजपूत उम्र 27 साल निवासी ग्राम पीपल्या को प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों ने 108 एम्बुलेंस के लिए फोन लगाया। एम्बुलेंस आने पर सोना कुंवर को अस्पताल ले जाया जा रहा था। इस बीच उन्हें तीव्र प्रसव पीड़ा होनी लगे। एम्बुलेंस के स्टाफ में शामिल ईएमटी राजेश कुमार दांगी एवं पायलट राजेश दांगी ने परिजनों की सहमति लेकर एम्बुलेंस में ही सफल डिलेवरी करवाई। महिला ने एक स्वस्थ शिशु को जन्म दिया है। डिलेवरी उपरान्त एम्बुलेंस स्टाफ ने एहतियात के साथ जच्चा-बच्चा को खिलचीपुर अस्पताल में एडमिट करवाया।